दिनांकः 02.11.2026 समय : 01.00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

000

झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में आज सड़क निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। जिला कलेक्टर अरूण गर्ग ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार केवी की बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। यह सड़क कदम कुंड की ओर बनाई जा रही थी।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री नागर ने कहा कि जांच के लिए अजमेर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक को भेजा गया है।

000

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से जैसलमेर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे शाम को विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचेगे और वहां से सीधे आर्मी कैंट के लिए रवाना होंगे। श्री सिंह कल संसदीय रक्षा समिति की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में देश की रक्षा नीति और सीमावर्ती सुरक्षा से जुड़े रणनितिक विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में लोकसभा के 15 और राज्यसभा के 9 सांसद शामिल होंगे। इनमें विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व रहेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

इससे पहले आज रक्षा मंत्री श्री सिंह ने नवनियुक्त वायु सेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित से नई दिल्ली में, मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री सिंह ने कहा कि वायु सेना प्रमुख श्री दीक्षित एक बेहतरीन वायु योद्धा हैं, जो अपने शानदार नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका आगामी कार्यकाल भी महत्वपूर्ण रहेगा।

000

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत शिकायतों के निपटारे के लिए वर्ष 2026 के नियम अधिसूचित किए हैं। मंत्रालय के अनुसार, कोई भी व्यक्ति योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से, स्पीड पोस्ट, टेलीफोन या केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित डिजिटल माध्यम से शिकायत की जा सकेगी। प्राप्त शिकायतों की उसी दिन या अगले कार्यदिवस तक डिजिटल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टि करनी होगी। नियमों के अनुसार, शिकायत की जांच सात कार्यदिवस के भीतर पूरी करनी होगी और शिकायत मिलने के 15 दिनों के भीतर उसका निपटारा करना होगा। तय समय में समाधान नहीं होने पर शिकायत को अगले उच्च स्तर के अधिकारी के पास भेजा जाएगा।

000

पाली जिले में मतदाता सूची के शुद्धीकरण और नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए आज से घर–घर सर्वे किया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस सर्वे के दौरान बूथ स्तर के अधिकारी मतदाताओं की तस्वीरों का सत्यापन करेंगे और दिव्यांग मतदाताओं को चिह्नित करेंगे। साथ ही महिलाओं, श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों, बेघर व्यक्तियों, ट्रांसजेंडर और अन्य वंचित वर्गों के पात्र नागरिकों का पंजीकरण किया जाएगा। इससे पहले जिले में एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने मतदाताओं से आवेदन प्राप्त किए।

000

जोधपुर की पेयजल आपूर्ति परियोजना का तीसरा चरण शुरू हो गया है। इसके तहत पंजाब से नई नहर के जरिए पानी फलोदी के मदासर स्थित रिजरवायर में पहुंचने लगा है। इससे जोधपुर सहित बालोतरा और फलोदी जिलों के करीब दो हजार गांवों को लाभ मिलेगा। परियोजना के तहत 275 एमएलडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे जोधपुर की कुल जलापूर्ति बढ़कर 650 से 675 एमएलडी हो जाएगी। एक हजार 355 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस परियोजना में 40 किलोमीटर लंबी नहर और चार पंप हाउस बनाए गए हैं। इसे वर्ष 2054 तक की पेयजल जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।

000